रक्षा मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डीज़) : अध्यक्ष महोद्य, इस ब्हस के दौरान माननीय सद्स्य, श्री प्रियरंजन दासमुंशी, ने रणथम्भौर के टाइगर रिज़र्व में हैलीपैड बनाने के बारे में कहा है, वहां पर अमरीका के राट्रपति जी को जाना है तथा इसके बारे में कुछ बातें कही हैं। मैंने इसकी जानकारी हासिल की है कि कोई हैलीपैड नहीं बनाया जा रहा है। टाइगर रिज़र्व के तीन किलोमीटर पैरामीटर के अन्दर लम्बे अर्से से हैलीपैड है। पिछले साल जब ब्रिटेन के उपप्रधान मंत्री यहां पर आए थे, तो उस स्थान पर उतरे थे, क्योंकि उनको उस रिज़र्व में जाना था। इस बार भी चूंकि अमरीका के राट्रपति के शायद वहां पर जाने की बात है, इसलिए उस हैलीपैड की जो हमेशा मरम्मत की जाती है, वही मरम्मत की जा रही है। कोई न्यी चीज वहां पर नहीं बन रही है।

1801 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on

Monday, April 17, 2000/Chaitra 28, 1922 (Saka).